दिन– मंगलवार

दिनांक– 25 ⁄ 02 ⁄ 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।

अवधिः– 05 मिनट

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश में स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के विकेंद्रीकरण और अधिक शोध पर बल दिया है। राष्ट्रपति आज पटना के बापू सभागार में पटना मेडिकल कॉलेज और अस्पताल–पी.एम.सी.एच. के शताब्दी समारोह को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि अगर छोटे शहरों में चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी तो इससे बड़े संस्थानों पर दबाव कम होगा। उन्होंने कृत्रिम मेधा और रोबोटिक्स का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से इलाज में क्षमता और सटीकता बढ़ेगी। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि पी.एम.सी.एच. पांच हजार चार सौ से अधिक बिस्तरों के साथ दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा अस्पताल बन रहा है। उन्होंने चिकित्सा जगत से गरीबों और जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए काम करने का आग्रह किया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिजय कुमार सिन्हा और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद समेत अनेक गणमान्य लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। देश विदेश के कई जाने–माने चिकित्सक और पी.एम.सी.एच के कई पूर्ववर्ती छात्र शताब्दी समारोह में मौजूद रहे।

इससे पहले राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर पटना एयरपोर्ट पहुंची जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए पटना में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए है। राष्ट्रपति के आगमन और प्रस्थान के मार्ग समेत अनेक स्थानों पर विशेष पुलिस बल तैनात किए गए है। यातायात व्यवस्था में भी कई परिवर्तन किए गए है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू आज राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगी।

———————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने राजद के बर्खास्त विधान पार्षद सुनील सिंह की सदस्यता को बहाल करने का आदेश दिया है। सुनील सिंह की विधान परिषद सदस्यता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में समाप्त कर दी गई थी। इस मामले में शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा है कि विधान पार्षद का व्यवहार सही नही था लेकिन उन्हें आवश्यकता से अधिक सजा दी गई। गौरतलब है कि इस सीट पर उपचुनाव के लिए घोषणा भी कर दी गई थी और जदयू की ओर से ललन प्रसाद ने नामांकन दाखिल किया था।

————————————————————

दिल्ली की एक विशेष अदालत ने रेलवे में जमीन के बदले नौकरी मामले में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद, उनके बेटे तेज प्रताप यादव और तेजस्वी यादव, बेटी हेमा यादव समेत सभी आरोपियों को अदालत में हाजिर होने का आदेश दिया है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई करते हुए सभी को ग्यारह मार्च को अदालत के समक्ष पेश होने को कहा है।

————————————————————

राजधानी पटना समेत पूरे प्रदेश के औसत तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर अधिकतम और न्यूनतम तापमान में सामान्य से एक से दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीवान, सारण, सुपौल, अररिया, किशनगंज, बक्सर, भोजपुर, रोहतास समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम भागों में कई स्थानों पर हल्की वर्षा की संभावना है। जबकि अन्य भागों में अगले चार दिनों तक तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी से गर्मी का अहसास होगा।

————————————————————

प्रयागराज महाकुंभ में पवित्र स्नान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। जानकारी के अनुसार अब तक संगम में तिरसठ करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डूबकी लगाई है। यह संख्या लगातार बढ़ रही है। इधर, कल महाशिवरात्रि के अवसर पर होने वाले अंतिम अमृत स्नान में भाग लेने के लिए प्रदेश के विभिन्न भागों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु जा रहे हैं। रेलवे ने महाकुंभ में शामिल हो रहे यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए है। भीड़ प्रबंधन के लिए विभिन्न स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाए गए है। साथ ही कई विशेष कुंभ ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। हमारे समस्तीपुर संवाददाता ने बताया कि समस्तीपुर रेलमंडल के जयनगर और दरभंगा स्टेशन से आज दो कुंभ स्पेशल ट्रेन चलाई जायेगी। जयनगर स्टेशन से शाम चार बजे जबकि दरभंगा से शाम छह बजे कुंभ स्पेशल ट्रेन रवाना होगी।

---

समाप्त